उत्तरी अमेरिका

1. उत्तर अमेरिका महाद्वीप के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए-
1. क्षेत्रफल की दृष्टि से यह विश्व का दूसरा सबसे बड़ा महाद्वीप है।
2. ग्रीनलैंड इसी महाद्वीप का भाग है।
3. दक्षिण में यह महाद्वीप भूमि की एक सँकरी पट्टी के रूप में बदल गया है, जो मध्य अमेरिका कहलाता है।
उपर्युक्त में से कौन-सा/से कथन सत्य है/हैं?
(a) केवल 1
(b) केवल 2 और 3
(c) केवल 3
(d) उपर्युक्त सभी

2. कनाडा के उत्तरी भागों में वायु परिवहन के संदर्भ में निम्नलिखित युग्मों पर विचार कीजिए-
1. इन भागों में वायुयान भूमि पर उतरने के लिए प्राय: झीलों और नदियों का प्रयोग करते हैं।
2. इन भागों में शीत ऋतु में वायुयान उतरने के लिए पहियों के स्थान पर बर्फ पर फिसलने वाली तख्तियों का उपयोग करते हैं।
उपर्युक्त में से कौन-सा/से कथन सत्य है/हैं?
(a) केवल 1
(b) केवल 2
(c) 1 व 2 दोनों
(d) न तो 1 और न ही 2

3. निम्नलिखित में से कौन-से उत्तर अमेरिका के भौतिक भागों में सम्मिलित है?
1. कनाडियन शील्ड
2. अप्लेशियन पर्वत या पूर्वी उच्च भूमियाँ
3.मध्यवर्ती विशाल मैदान
4. पश्चिमी कॉडिलेरा या पर्वत श्रेणी
नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए-
(a) केवल 1, 2 और 3
(b) केवल 2 और 4
(c) केवल 1, 3 और 4
(d) उपर्युक्त सभी

4. कनाडियन शील्ड के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए-
1. यह शील्ड कनाडा के संपूर्ण भाग में फैली हुई है।
2. इसका निर्माण प्राचीन कठोर चट्टानों से हुआ है।
3. सेंट लॉरेंस नदी की निम्न भूमियाँ इसका दक्षिणी भाग है।
4.इस शील्ड में खनिज संसाधनों का अभाव है।
उपर्युक्त में से कौन-सा/से कथन सत्य है/हैं?
(a) केवल 1, 2 और 3
(b) केवल 2 और 3
(c) केवल 1 और 4
(d) केवल 1, 2 और 4

5. निम्नलिखित में से ग्रेट लेक्स के अंतर्गत कौन-सी झील/झीलें सम्मिलित नहीं है/हैं?
1. सुपीरियर 2. मिशिगन
3. ईरी 4.विनिपेग
5.ग्रेट बीयर
नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए-
(a) केवल 1, 2 और 3
(b) केवल 3
(c) केवल 4 और 5
(d) केवल 2 और 3

6. विश्व प्रसिद्ध नियाग्रा जलप्रपात स्थित है-
(a) ईरी और ओंटेरिया झीलों के बीच
(b) ग्रेट बीयर और विनिपेग झीलों के बीच
(c) विनिपेग और सुपीरियर झीलों के बीच
(d) सुपीरियर और मिशिगन झीलों के बीच

7. उत्तर अमेरिका महाद्वीप में स्थित अप्लेशियन पर्वतों के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए-
1. यह इस महाद्वीप के दक्षिण-पश्चिमी भाग में अवस्थित है।
2.हड़सन नदी इन पर्वतों से होकर बहती है।
उपर्युक्त में से कौन-सा/से कथन सत्य है/हैं?
(a) केवल 1
(b) केवल 2
(c) 1 व 2 दोनों
(d) न तो 1 और न ही 2

-

UTKARSH CLASSES उत्कर्ष® JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213

8. उत्तर अमेरिका महाद्वीप के मध्यवर्ती विशाल मैदान के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए-
1.यह इस महाद्वीप की निम्न भूमि का क्षेत्र है।
2. इसके मध्यवर्ती और दक्षिणी भाग में मिसीसिपी-मिसौरी की नदी द्रोणियाँ फैली हुई हैं।
उपर्युक्त में से कौन-सा/से कथन सत्य है/हैं?
(a) केवल 1
(b) केवल 2
(c) 1 व 2 दोनों
(d) न तो 1 और न ही 2

9. उत्तर अमेरिका महाद्वीप के पश्चिमी कॉर्डिलेरा की सबसे ऊँची चोटी माउंट मैकिन्ले निम्नलिखित में से कहाँ अवस्थित है?
(a) अलास्का
(b) मैक्सिको
(c) कैलिफोर्निया
(d) टेक्सास

10. उत्तर अमेरिका महाद्वीप के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए-
1.ग्रेट बेसिन इस महाद्वीप का सबसे बड़ा अंतरा-पर्वतीय पठार है।
2. सेंट लॉरेंस नदी तथा ग्रेट लेक्स संसार का सबसे बड़ा अंत:स्थलीय जलमार्ग है।
उपर्युक्त में से कौन-सा/से कथन सत्य है/हैं?
(a) केवल 1
(b) केवल 2
(c) 1 व 2 दोनों
(d) न तो 1 और न ही 2

11. निम्नलिखित में से कौन-सी नदी/नदियाँ उत्तर अमेरिका महाद्वीप से संबंधित नहीं है/हैं?
1. अमेज़न 2. कोलोरैडो
3.मिसीसीपी 4.मैकेंज़ी
5.सेंट लॉरेंस
नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए-
(a) केवल 1
(b) केवल 2 और 4
(c) केवल 4 और 5
(d) केवल 1 और 4

12. निम्नलिखित में से कौन-सा/से पर्वत उत्तर अमेरिका महाद्वीप से संबंधित है/हैं?
1.सियरा नेवाद 2.रॉकी
3.अप्लेशियन 4.तट श्रेणी
नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए-
(a) केवल 1
(b) केवल 2, 3 और 4
(c) केवल 1, 3 और 4
(d) 1, 2, 3 और 4

13. निम्नलिखित युग्मों पर विचार कीजिए -
1. कैनियन- बहुत लंबे, गहरे तथा दीवार के सामान खड़े किनारे वाले महाखण्डु ।
2. गीजर- पृथ्वी के आंतरिक भागों की ऊष्मा से भूमिगत जल उबल जाता है तथा गर्म जल के स्त्रोतों के रूप में धरातल के ऊपर निकलने लगता है।
उपर्युक्त युग्मों में से कौन-सा/से सुमेलित है/हैं?
(a) केवल 1
(b) केवल 2
(c) 1 और 2 दोनों
(d) न तो 1 और न ही 2

14. 'यलोस्टोन नेशनल पार्क' जहाँ प्रसिद्ध ओल्ड-फेथफल गीज़र स्थित है, निम्नलिखित में से कहाँ अवस्थित है?
(a) कनाडियन शील्ड
(b) पश्चिमी कॉर्डिलेरा
(c) अप्लेशियन पर्वतीय क्षेत्र
(d) इनमें से कोई नहीं

उत्कर्ष® JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213